भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2379
गुरूवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक में बौद्ध स्थल

2379 डा. धर्मस्थल वीरेंद्र हेग्गडे:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत कर्नाटक में बौद्ध स्थलों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) बनावासी, चंद्रवल्ली, ब्रह्मगिरि, बादामी गुफाएं, दंबल, सन्नति और कनगनहल्ली में स्थित बौद्ध स्थलों के विकास का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन स्थलों पर अंतिम-छोर तक संपर्क और पर्यटक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) चल रही परियोजनाओं के पूर्ण होने की स्थिति और निधि उपयोग का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): बौद्ध स्थलों सहित विभिन्न स्थलों पर पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास- सीबीडीडी' (स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत एक पहल) सहित अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर तथा निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन देश में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटक गंतव्यों पर पर्यटन सुविधा को बेहतर बनाने वाले विभिन्न घटकों के संबंध में, जिसमें पर्यटन संबंधी मुख्य उत्पादों, पर्यटन गतिविधियों, सुरक्षा, स्वच्छता, अंतिम छोर तक संपर्कता, पार्किंग, सामान्य स्थल विकास, अन्य सौम्य पहल आदि से संबंधित घटक शामिल हैं, स्वीकृति देने के लिए परियोजना की आवश्यकता के अनुसार विचार किया जाता है। एसडी 2.0 और सीबीडीडी योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है और निधियों को किश्तों में उपयोग के लिए अधिकृत किया जाता है।

कर्नाटक राज्य में एसडी 2.0 और सीबीडीडी योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण जो कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं, **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

डा. धर्मस्थल वीरेंद्र हेग्गडे द्वारा कर्नाटक में बौद्ध स्थल के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2379 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

कर्नाटक राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 और सीबीडीडी योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रु. में)

योजना	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि	उपयोग के लिए अधिकृत राशि
स्वदेश दर्शन 2.0	इकोलॉजिकल एक्सपीरियंस जोन, मैसूरु	2023-24	18.48	1.85
	टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन, मैसूरु	2023-24	2.72	0.27
	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना, हम्पी	2023-24	25.64	2.56
सीबीडीडी	विरासत पर्यटन स्थल के रूप में बीदर का विकास	2025-26	25.00	0.00

*****